क्षेत्रीय समाचार
आकाशवाणीः देहरादून
रविवार : 21.04.2024
समय 1830

मुख्य समाचारः.

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– विश्व शांति के लिए दुनिया भारत की ओर देख रही है, नई दिल्ली के भारत मण्डपम में दो हजार पांच सौ पचासवें भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव का उद्‌घाटन किया।
- प्रदेश में आगामी चारधाम यात्रा की तैयारियां शुरू, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत ने मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चाक–चौबंद करने के निर्देश दिये।
- उत्तरकाशी जिले के कास्तकारों को आत्मनिर्भर और उनकी आर्थिकी को मजबूत करने के लिए उन्हें कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।
- राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) के लिए पंजीकरण शुरू, 10 मई पंजीकरण की अंतिम तिथि।

भगवान महावीर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारत मंडपम में भगवान महावीर के दो हजार पांच सौ पचासवें निर्वाण महोत्सव का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत, विश्व की प्राचीनतम जीवंत सभ्यता तो है ही, यह मानवता की आश्रय–स्थली भी है। उन्होंने कहा कि भारतीय चिंतन केवल अपने लिए नहीं, बल्कि सर्वजनहिताय होता है। श्री मोदी ने कहा कि आज भारत पूरे आत्मविश्वास के साथ दुनियाभर में सत्य और अहिंसा को बढावा दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक ऐसे समय में जब दुनिया के कई देश संघर्षरत और युद्धरत हैं, भारत के तीर्थंकरों की शिक्षाएं और अधिक महत्वपूर्ण हो गई हैं। उन्होंने कहा कि आज दुनिया विश्व शांति के लिए भारत की ओर देख रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नए भारत की इस नई भूमिका का श्रेय हमारी बढती क्षमताओं और विदेश नीति को जाता है। उन्होंने कहा कि भगवान महावीर के प्रति युवा पीढी के समर्पण और आकर्षण से यह विश्वास पैदा होता है कि देश सही दिशा में बढ रहा है। इस अवसर पर केन्द्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि भगवान महावीर का दर्शन आज भी प्रासंगिक है। उन्होंने कहा कि जियो और जीने दो का सिद्धांत आज भी महत्वपूर्ण और सामयिक है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में 10 मई से चारधाम यात्रा शुरू होने जा रही है। भारत निर्वाचन आयोग से अनुमति मिलते ही सरकार और प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने संबंधित जिलों के मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य व्यवस्थाएं चाक–चौबंद करने के निर्देश दिये। साथ ही ऋषिकेश स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान– एम्स समेत श्रीनगर और दून मेडिकल कॉलेजों को अलर्ट पर रहने को कहा गया है। उन्होंने यात्रा मार्गों पर आवश्यक जीवन रक्षक उपकरण तथा स्थायी और अस्थायी चिकित्सा इकाइयों में पर्याप्त औषधियाँ उपलब्ध कराने को भी कहा है। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा कि यात्रा के लिए 11 भाषाओं में एसओपी जारी की गई है। पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने बताया कि शांतिपूर्ण और सुरक्षित चारधाम यात्रा के लिए यात्रा मार्गों पर ड्यूटी का रोड मैप तैयार कर लिया गया है। उन्होंने कहा कि यात्रा शुरू होने से एक सप्ताह पहले यात्रा मार्गों पर पुलिस तैनात कर दी जाएगी। इस बार चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। यात्रा पंजीकरण से जुड़ी और अधिक जानकारी के लिए चलते हैं हमारी संवाददाता साक्षी सिंह के पास....

वनाग्नि बागेश्वर/चंपावत

गरमी और तापमान बढ़ने के साथ ही पर्वतीय जिलों के जंगलों में आग लगने की घटनाएं शुरू हो गयी हैं। चंपावत और बागेश्वर जिले के कई जंगल भी आग की चपेट में हैं। वन विभाग के कर्मचारी और फायर विभाग की टीम लगातार आग बुझाने में जुटी हुई है। चंपावत में बीते कुछ समय में लगभग 12 से अधिक आग की घटनाएं हुई हैं, जिसमें अबतक 9 दशमलव एक दो हेक्टेयर जंगल आग से राख हो चुका है। जिले में विभाग की ओर से वनाग्नि को रोकने के लिए 54 क्रू स्टेशन के माध्यम से 216 फायर वाचर तैनात किए गए हैं। उधर, बागेश्वर जिले के रेखोली, खबडोली सहित कई जंगलों में आग लगी है। वनाग्नि से अब तक 7 दशमलव 2–5 हेक्टेयर वन क्षेत्र जलकर राख हो गया। स्थानीय निवासी कन्हैया वर्मा ने बताया कि आग और धुएं से वातावरण प्रदूषित हो रहा है। बच्चों और बुजुर्गों को सांस लेने में तकलीफ हो रही है। अग्निशमन अधिकारी गोपाल रावत ने बताया कि विभाग को जहाँ भी आग लगने की सूचना मिल रही है, त्वरित रूप से आग को बुझाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अभी तक 20 से अधिक आग लगने की घटनाओं को रोक भी दिया है।

कौशल प्रशिक्षण

उत्तरकाशी जिले के कास्तकारों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने व उनकी आर्थिकी को मजबूत करने के उद्देश्य से उन्हें कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के चिवां में कास्तकारों व ग्रामीण महिलाओं को लिगडूं, तिमला व कचनार से आचार बनाने के तरीके व कंडाली के विभिन्न उपयोगों पर आधारित प्रशिक्षण दिया गया। डॉ. एसपी नौटियाल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को व्यवसाय और रोजगार से जोड़ना है। प्रशिक्षक कविता मेहर ने कहा कि राज्य की नारी शक्ति उद्यमिता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर सकती है। इस अवसर पर टमाटर, कद्दू, फूलगोभी, ब्रोकोली, मिर्च, तुरई, सेम, भिंडी और अन्य बीजों का वितरण किया गया।

राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की इस वर्ष 16 जून को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा–नेट के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एन.टी.ए. की वेबसाइट पर पंजीकरण प्रारम्भ हो गया है। आकशवाणी से विशेष बातचीत में राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी के महानिदेशक सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि पंजीकरण 10 मई तक किया जा सकेगा और शुल्क जमा करने की अंतिम तारीख 12 मई है।

दून विश्वविद्यालय

दून विश्वविद्यालय में प्रवेश के लिए आज से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गए हैं। दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल ने बताया कि इच्छुक छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी भी बोर्ड से 12वीं की परीक्षा पास या परीक्षा दे चुके छात्र आवेदन के पात्र होंगे। प्रवेश परीक्षा की तिथि बाद में घोषित की जाएगी। परीक्षा पास करने के बाद मेरिट आधार पर प्रवेश तय किये जांएगे। प्रवेश परीक्षा देश के चार शहरों देहरादून, हल्द्वानी, दिल्ली और लखनऊ में एक ही दिन आयोजित की जाएगी।

संक्षिप्त समाचार–

ऋषिकेश से अहमदाबाद जा रही योगा एक्सप्रेस ट्रेन में आज अचानक आग लगने से अफरा तफरी मच गई। आग लगने से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। आग बुझाने के कुछ देर बाद ट्रेन को रवाना कर दिया गया।

हरिद्वार जिले की कृषि उत्पादन मंडी समिति में एक आढ़ती के गोदाम में आग लगने से उसमें रखा सामान जलकर राख हो गया।

देहरादून–मालसी डियर पार्क के पास आज एक दोपहिया वाहन के खाई में गिरने से एक युवक की मृत्यु हो गई।

पिथौरागढ़–देहरादून हवाई सेवा का विस्तार किया गया है। अब सप्ताह में छह दिन हवाई सेवा उपलब्ध रहेगी। पहले यह सेवा सिर्फ तीन दिन के लिए ही थी।

राज्य आंदोलनकारी प्रभा नैथानी का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच ने उनके निधन पर शोक जता कर श्रद्धांजलि दी।

'पब्लिक स्पीक कार्यक्रम'

आकाशवाणी के समाचार सेवा प्रभाग से प्रसारित होने वाले साप्ताहिक कार्यक्रम 'पब्लिक स्पीक कार्यक्रम' में कल रात 9.30 बजे से लू की रोकथाम और बचाव विषय पर चर्चा होगी। इसमें राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य राजेन्द्र सिंह और सफदरजंग अस्पताल की डॉक्टर रूपाली मलिक भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान श्रोता विशेषज्ञों से सवाल कर सकेंगे। यह कार्यक्रम रात 9.30 बजे से आकाशवाणी के एफएम गोल्ड चैनल और अतिरिक्त मीटरों पर प्रसारित होगा।